www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**03/FH/CC/M–2023–15**

**Booklet Series**

**A**

**Candidate's Roll Number**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**Serial No.** 100368

Question Booklet

# HISTORY

**Time Allowed : 2 Hours**

**Maximum Marks : 100**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet contains **100** questions in all.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Attempt **all** questions.
4. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet. Please check that the Booklet contains 32 printed pages including two pages (Page Nos. 30 and 31) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated. If you find any defect in this Booklet, get it replaced immediately by a complete Booklet of the same series.**
5. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. An Answer Sheet will be supplied to you separately by the Invigilator to mark the answers. **You must write your Name, Roll No., Question Booklet Series and other particulars in the space provided on Page–2 of the Answer Sheet provided, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
8. You should encode your **Roll Number** and the **Question Booklet Series A, B, C or D** as it is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet with Black/Blue ink ballpoint pen in the space provided on **Page–2** of your Answer Sheet. **If you do not encode or fail to encode the correct series of your Question Booklet, your Answer Sheet will not be evaluated correctly.**
9. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Booklet. Each question comprises of **four** responses—(A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question. Your total marks will depend on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet.
10. In the Answer Sheet, there are **four** circles—(A), (B), (C) and (D) against each question. To answer the questions, you are to mark with **Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle** of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
11. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
12. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

SEAL

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. Who believes that the main theme of the *Ramayana* is the expansion of Aryan culture over the South India?

(A) D. N. Jha

(B) Romila Thapar

(C) K. P. Jayaswal

(D) R. C. Majumdar

2. Which was the main centre of Saka power?

(A) Gujarat region

(B) Ujjain

(C) Hyderabad

(D) Pune

3. Which is the oldest deciphered script?

(A) Brahmi

(B) Kharoshthi

(C) Sanskrit

(D) Oudhi

4. Ayodhya is situated on the Bank of

(A) Ganga River

(B) Yamuna River

(C) Gangotri River

(D) Sarayu River

5. The later-Vedic literature is known as

(A) Shruti

(B) Epic

(C) Smriti

(D) Mahabhashya

6. The Second Buddhist Council was held at

(A) Rajagriha

(B) Vaishali

(C) Pataliputra

(D) Kashmir

7. What was the greatest gift of Buddhism to India?

(A) A popular religion

(B) Monastic system

(C) Vast literature

(D) Contact with foreign countries

8. According to _____, "All the land was owned by the king".

(A) Megasthenes

(B) Vishakhadatta

(C) Jain Canons

(D) Jataka literature

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**1.** किसका यह मानना है कि 'रामायण' का मुख्य विषय दक्षिण भारत पर आर्य संस्कृति का विस्तार ही है?

(A) डी० एन० झा

(B) रोमिला थापर

(C) के० पी० जायसवाल

(D) आर० सी० मजूमदार

**2.** शक शक्ति का मुख्य केन्द्र कौन-सा था?

(A) गुजरात क्षेत्र

(B) उज्जैन

(C) हैदराबाद

(D) पुणे

**3.** प्राचीनतम समझी गई भाषा कौन-सी है?

(A) ब्राह्मी

(B) खरोष्ठी

(C) संस्कृत

(D) अवधी

**4.** अयोध्या किसके किनारे पर स्थित है?

(A) गंगा नदी

(B) यमुना नदी

(C) गंगोत्री नदी

(D) सरयू नदी

**5.** उत्तर-वैदिक साहित्य जाना जाता है

(A) श्रुति

(B) महाकाव्य

(C) स्मृति

(D) महाभाष्य

**6.** द्वितीय बौद्ध सभा हुई थी

(A) राजगृह में

(B) वैशाली में

(C) पाटलीपुत्र में

(D) कश्मीर में

**7.** भारत को बौद्धधर्म का सबसे महानतम उपहार क्या है?

(A) एक लोकप्रिय धर्म

(B) मठ व्यवस्था

(C) प्रचुर साहित्य

(D) विदेशी देशों के साथ सम्पर्क

**8.** _____ के अनुसार, "समस्त भूमि का मालिक राजा था।"

(A) मेगस्थनीज

(B) विशाखदत्त

(C) जैन धर्मग्रंथ

(D) जातक साहित्य

www.prepp.in

**9.** What image contained in the coins of Mauryas?

(A) Cow

(B) Bull

(C) Peacock

(D) Pigeon

**10.** The Kushana empire reached its zenith during the reign of

(A) Vasishka

(B) Kanishka

(C) Huvishka

(D) Vasudeva

**11.** Who made Buddhism a 'world religion'?

(A) Chandragupta Maurya

(B) Ashoka

(C) Kanishka

(D) Harsha

**12.** What was the name of South Indian moneylenders?

(A) Seths

(B) Banjaras

(C) Chettis

(D) Panis

**13.** Who has been regarded as the most celebrated and accomplished ruler of ancient India?

(A) Chandragupta Maurya

(B) Kanishka

(C) Samudragupta

(D) Skandagupta

**14.** Harsha assumed what title after coming to the throne?

(A) Maharaja

(B) Shiladitya

(C) Gunaraja

(D) Avanisimha

**15.** Who was the founder of early medieval Chola dynasty of Tanjore?

(A) Aditya I

(B) Aditya II

(C) Rajendra

(D) Vijayalaya

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**9.** मौर्यों के सिक्कों में किसकी छाप होती थी?

(A) गाय

(B) साँड़

(C) मोर

(D) कबूतर

**10.** किसके शासनकाल में कुषाण साम्राज्य अपनी शीर्ष पर पहुँचा?

(A) वशिष्क

(B) कनिष्क

(C) हुविष्क

(D) वासुदेव

**11.** बौद्धधर्म को किसने एक 'विश्व धर्म' बनाया?

(A) चन्द्रगुप्त मौर्य

(B) अशोक

(C) कनिष्क

(D) हर्ष

**12.** दक्षिण भारत के साहूकारों का नाम क्या था?

(A) सेठ

(B) बनजारा

(C) चेट्टि

(D) पणि

**13.** प्राचीन भारत का सबसे यशस्वी और कुशल शासक किसे कहा गया है?

(A) चन्द्रगुप्त मौर्य

(B) कनिष्क

(C) समुद्रगुप्त

(D) स्कन्दगुप्त

**14.** हर्ष ने राजसिंहासन पर बैठने के बाद कौन-सी उपाधि धारण की थी?

(A) महाराज

(B) शिलादित्य

(C) गुणराज

(D) अवनीसिंह

**15.** तंजौर के पूर्व-मध्यकालीन चोल वंश का संस्थापक कौन था?

(A) आदित्य प्रथम

(B) आदित्य द्वितीय

(C) राजेन्द्र

(D) विजयालय

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**16.** Who gave great honour to the women-folk between 800–1200 AD?

(A) Brahmans

(B) Rajputs

(C) Vaishyas

(D) Lower sections of the society

**17.** Who said that belief in God and worship were essentials for salvation?

(A) Kabir

(B) Shankaracharya

(C) Lord Buddha

(D) Guru Nanak

**18.** Buddhism was spread to Korea through

(A) Japan

(B) Ceylon

(C) China

(D) Champa

**19.** On a woman's death, her personal property (Stridhana) passed on to her

(A) husband

(B) sons

(C) daughters

(D) daughter-in-law

**20.** Jayadeva's *Gita Govinda* deals with the cult of

(A) Rama

(B) Krishna

(C) Shiva

(D) Shakti

**21.** Who wrote *Shahnamah*?

(A) Al-Biruni

(B) Ibn Batutah

(C) Ibn Hasan

(D) Firdowsi

**22.** The main aim of Mahmud Ghazni was to spread

(A) Islam

(B) Persian language

(C) culture and traditions

(D) Wahhabism in India

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**16.** 800–1200 ई० के मध्य नारी-जाति को किसने बड़ा सम्मान दिया?

(A) ब्राह्मणों ने

(B) राजपूतों ने

(C) वैश्यों ने

(D) समाज के निम्न वर्गों ने

**17.** किसने कहा कि मुक्ति के लिए भगवान में विश्वास और आराधना करना जरूरी था?

(A) कबीर

(B) शंकराचार्य

(C) भगवान बुद्ध

(D) गुरु नानक

**18.** कोरिया में बौद्धधर्म किसके द्वारा फैला?

(A) जापान

(B) श्रीलंका

(C) चीन

(D) चम्पा

**19.** एक स्त्री की मृत्यु पर उसकी निजी सम्पत्ति (स्त्रीधन) किसके पास चली जाती थी?

(A) पति

(B) लड़कों

(C) लड़कियों

(D) पुत्रवधू

**20.** जयदेव की 'गीतगोविन्द' किस सम्प्रदाय से सम्बन्ध रखती है?

(A) राम

(B) कृष्ण

(C) शिव

(D) शक्ति

**21.** 'शाहनामा' किसने लिखी?

(A) अल-बेरूनी

(B) इब्न बतूता

(C) इब्न हसन

(D) फिरदौसी

**22.** महमूद गजनी का मुख्य ध्येय किसका प्रसार करना था?

(A) इसलाम

(B) फारसी भाषा

(C) संस्कृति और परम्पराएँ

(D) भारत में वहाबीवाद

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**23.** Who posed a challenge to the Muslims?

(A) Pratiharas

(B) Cholas

(C) Palas

(D) Tomaras

**24.** Who founded Vikramashila University?

(A) Jaipala

(B) Mahipala

(C) Rajyapala

(D) Dharmapala

**25.** Who said, "I am neither in Kaaba nor in Kailash"?

(A) Nanak

(B) Eknath

(C) Kabir

(D) Chaitanya

**26.** *Adi Granth*, the Bible of Sikhism, was compiled by

(A) Guru Nanak

(B) Guru Amar Das

(C) Guru Arjan Dev

(D) Guru Gobind Singh

**27.** Who destroyed the Jagannath Temple at Puri?

(A) Muhammad Tughluq

(B) Firuz Shah Tughluq

(C) Ghiyas-ud-din Tughluq

(D) Ala-ud-din Khalji

**28.** Who was the head of religious department during Sultanate period?

(A) Qazi-ul-quzat

(B) Sadr-us-Sudur

(C) Diwan-i-Amir Kohi

(D) Barid-i-Mumalik

**29.** The architecture which flourished during Delhi Sultanate is called

(A) Turk-Afghan structure

(B) early Muslim architecture

(C) Indo-Muslim architecture

(D) Hindu architecture

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

100368

**23.** मुसलमानों को किसने चुनौती दी?

(A) प्रतिहारों ने

(B) चोलों ने

(C) पालों ने

(D) तोमरों ने

**24.** विक्रमशीला विश्वविद्यालय की स्थापना किसने की थी?

(A) जयपाल

(B) महीपाल

(C) राज्यपाल

(D) धर्मपाल

**25.** किसने कहा, "मैं काबा में भी नहीं न ही कैलाश में"?

(A) नानक

(B) एकनाथ

(C) कबीर

(D) चैतन्य

**26.** 'आदि ग्रंथ', सिखों की बाइबिल, को किसने संकलित किया था?

(A) गुरु नानक

(B) गुरु अमर दास

(C) गुरु अर्जन देव

(D) गुरु गोविन्द सिंह

**27.** पुरी में जगन्नाथ मन्दिर को किसने ध्वस्त किया?

(A) मुहम्मद तुगलक

(B) फिरोजशाह तुगलक

(C) गियास-उद-दीन तुगलक

(D) अला-उद-दीन खलजी

**28.** सल्तनत काल के दौरान धार्मिक विभाग का अध्यक्ष कौन होता था?

(A) काजी-उल-कज़ात

(B) सद्र-उस-सुदूर

(C) दीवान-ए-अमीर कोही

(D) बारिद-ए-मुमालिक

**29.** दिल्ली सल्तनत के दौरान जो स्थापत्यकला समृद्ध हुई, उसे कहा जाता है

(A) तुर्क-अफगान ढाँचा

(B) पूर्व-मुसलिम स्थापत्यकला

(C) इन्डो-मुसलिम स्थापत्यकला

(D) हिन्दू स्थापत्यकला

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**30.** "Ala-ud-din Khalji was one of the best Sultans." Who said it?

(A) Ibn Khaldun

(B) Al-Biruni

(C) Ibn Hasan

(D) Ibn Batutah

**31.** Who provides a lot of informations about the reign of Muhammad bin-Tughluq?

(A) Ibn Khaldun

(B) Al-Biruni

(C) Ibn Batutah

(D) Amir Khusrav

**32.** "Prosperity bred sedition and revolt and poverty was the guarantee of stability and peace." Who wrote it?

(A) Ibn Batutah

(B) Zia-ud-din Barani

(C) Muhammad Hasan Nizami

(D) Amir Khusrav

**33.** During whose reign was Jizya collected even from Brahmins?

(A) Ghiyas-ud-din Tughluq

(B) Muhammad Tughluq

(C) Feruz Shah Tughluq

(D) Balban

**34.** Zakat, a tax, was collected from the

(A) Hindus

(B) Muslims

(C) Persians

(D) Bohras

**35.** Diwan-i-Arz was mainly responsible for

(A) military aspects

(B) religious aspects

(C) collection of taxes

(D) foreign affairs

**36.** Hauz-i-Khas, a pond, in Delhi was dug by

(A) Balban

(B) Feruz Shah Tughluq

(C) Ala-ud-din Khalji

(D) Ibrahim Lodi

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**30.** ''अला-उद-दीन खलजी श्रेष्ठ सुलतानों में से एक था।'' यह किसने कहा?

(A) इब्न खालदून

(B) अल-बेरूनी

(C) इब्न हसन

(D) इब्न बतूता

**31.** मुहम्मद-बिन-तुगलक के शासनकाल के बारे में काफी सूचनाएँ किसने दी?

(A) इब्न खालदून

(B) अल-बेरूनी

(C) इब्न बतूता

(D) अमीर खुसरो

**32.** ''सम्पन्नता ने षड्यन्त्र और विद्रोह को जन्म दिया और दरिद्रता ने स्थायित्व और शान्ति की गारन्टी दी।'' यह किसने लिखा?

(A) इब्न बतूता

(B) जिया-उद-दीन बरनी

(C) मुहम्मद हसन निजामी

(D) अमीर खुसरो

**33.** किसके शासनकाल के दौरान जजिया ब्राह्मणों से भी वसूली गई?

(A) गियास-उद-दीन तुगलक

(B) मुहम्मद तुगलक

(C) फिरोजशाह तुगलक

(D) बलबन

**34.** ज़कात, एक कर, वसूली जाती थी

(A) हिन्दुओं से

(B) मुसलमानों से

(C) फारसियों से

(D) बोहराओं से

**35.** दीवान-ए-अर्ज मुख्य रूप से जिम्मेदार था

(A) सैन्य मामलों के लिए

(B) धार्मिक मामलों के लिए

(C) कर-वसूली के लिए

(D) विदेशी मामलों के लिए

**36.** दिल्ली में एक तालाब, हौज-ए-खास, खुदवाया गया था

(A) बलबन द्वारा

(B) फिरोजशाह तुगलक द्वारा

(C) अला-उद-दीन खलजी द्वारा

(D) इब्राहीम लोदी द्वारा

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**37.** "*Baburnamah* was the best autobiography of 16th century India." Who said it?

(A) Williams Rushbrook

(B) Henry Beveridge

(C) Henry Elliot

(D) V. A. Smith

**38.** Who was a Jagirdar at Sasaram in Bihar?

(A) Biban Khan

(B) Sher Shah Suri

(C) Hasan Suri

(D) Bahar Khan

**39.** "He (Humayun) tumbled through life and he tumbled out of it." Who said it?

(A) Stanley Lane-Poole

(B) Williams Rushbrook

(C) Col. Malleson

(D) V. A. Smith

**40.** Who has regarded Sher Shah Suri as "the greatest of the Muslim rulers of India"?

(A) Sir Wolseley Haig

(B) V. A. Smith

(C) W. H. Moreland

(D) Havell

**41.** Who used to keep all records of lands and give receipt of revenue payment to the peasants?

(A) Amalguzar

(B) Kanungo

(C) Bitikchi

(D) Shiqdar

**42.** The Second Battle of Panipat was fought in 1556 between

(A) Akbar and Udai Singh

(B) Akbar and Rana Sanga

(C) Akbar and Hemu

(D) Akbar and Raja Surjan Rai

**43.** Who introduced a new administrative unit, Chakla (modern subdivision)?

(A) Akbar

(B) Shah Jahan

(C) Jahangir

(D) Aurangzeb

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**37.** "16वीं सदी के भारत की 'बाबरनामा' एक सर्वोत्तम आत्मकथा थी।" यह किसने कहा?

(A) विलियम्स रशब्रूक

(B) हेनरी बेवरिज

(C) हेनरी इलियट

(D) वी० ए० स्मिथ

**38.** बिहार में सासाराम का जागीरदार कौन था?

(A) बिबन खाँ

(B) शेरशाह सूरी

(C) हसन सूरी

(D) बहार खाँ

**39.** "वह (हुमायूँ) जीवनभर लुढ़कता रहा और लुढ़कता हुआ ही मरा।" यह किसने कहा?

(A) स्टेनले लेन-पूल

(B) विलियम्स रशब्रूक

(C) कर्नल मालेसन

(D) वी० ए० स्मिथ

**40.** किसने शेरशाह सूरी को 'भारत का महानतम मुसलिम शासक' कहा था?

(A) सर वोल्सली हैग

(B) वी० ए० स्मिथ

(C) डब्ल्यू० एच० मोरलैंड

(D) हैवेल

**41.** कौन जमीनों के सभी रिकॉर्ड रखता था और किसानों को भूराजस्व की अदायगी की रसीदें देता था?

(A) अमलगुजार

(B) कानूनगो

(C) बितिकची

(D) शिकदार

**42.** 1556 में पानीपत की दूसरी लड़ाई किनके मध्य लड़ी गई?

(A) अकबर और उदय सिंह

(B) अकबर और राणा साँगा

(C) अकबर और हेमू

(D) अकबर और राजा सुर्जन राय

**43.** किसने एक नई प्रशासनिक इकाई, चकला (आधुनिक उप-डिवीज़न) को प्रारम्भ किया?

(A) अकबर

(B) शाहजहाँ

(C) जहाँगीर

(D) औरंगज़ेब

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**44.** Who formed the official nobility, military and imperial service under Mansabdari system?

(A) Amir-ul-Umara

(B) Mir Bakshi

(C) Faujdar

(D) Arz-i-Mukarrar

**45.** The Jesuit Missionary who had discussions with Akbar was

(A) Rudolfo Acquaviva

(B) Antony Monserrate

(C) Sir Thomas Roe

(D) Francis Henreques

**46.** Which Maratha ruler had 240 forts and a revenue collection of 7 crores of rupees?

(A) Shivaji

(B) Chhatrapati Shahu

(C) Balaji Vishwanath

(D) Balaji Baji Rao

**47.** "Wherever five disciples would be present, I would be present." Who said it?

(A) Har Rai

(B) Tegh Bahadur

(C) Hargobind

(D) Gobind Singh

**48.** "The whole of the territory from Bengal to Bihar looks like a big cotton country." Who wrote it?

(A) Marco Polo

(B) Pelsaert

(C) Parkinson

(D) Monserrate

**49.** The first printing press in India was set up by the

(A) Portuguese

(B) Dutch

(C) French

(D) English

**50.** Who was the founder of the French East India Company?

(A) Colbert

(B) Francois Martin

(C) De La Haye

(D) Francois Caron

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**44.** किसने मनसबदारी व्यवस्था के अन्तर्गत आधिकारिक सामन्त, सैन्य और शाही सेवा स्थापित की थी?

(A) अमीर-उल-उमरा

(B) मीर बख्शी

(C) फौजदार

(D) अर्ज-ए-मुकर्रर

**45.** जेसुयिट मिशनरी जिसने अकबर के साथ बातचीत की थी, वह था

(A) रोडोल्फो एक्काविवा

(B) एन्टोनी मोंसर्रेट

(C) सर थॉमस रो

(D) फ्रांसिस हेनरेक्यूज

**46.** किस मराठा शासक के पास 240 किले और 7 करोड़ रुपए के राजस्व संग्रह थे?

(A) शिवाजी

(B) छत्रपति साहू

(C) बालाजी विश्वनाथ

(D) बालाजी बाजी राव

**47.** ''जहाँ भी पाँच शिष्य एकत्रित होंगे, मैं मौजूद रहूँगा।'' यह किसने कहा?

(A) हर राय

(B) तेग बहादुर

(C) हरगोविन्द

(D) गोविन्द सिंह

**48.** ''बंगाल से बिहार तक के समस्त क्षेत्र एक बड़े कपास देश की तरह दिखते हैं।'' यह किसने लिखा?

(A) मार्को पोलो

(B) पेल्सर्ट

(C) पार्किनसन

(D) मोंसर्रेट

**49.** भारत में प्रथम छापाखाना किसके द्वारा स्थापित किया गया था?

(A) पुर्तगाली

(B) डच

(C) फ्रांसीसी

(D) अंग्रेज

**50.** फ्रांसीसी ईस्ट इन्डिया कम्पनी का संस्थापक कौन था?

(A) कॉल्बर्ट

(B) फ्रैन्कॉइस मार्टिन

(C) डी ला हाये

(D) फ्रैन्कॉइस कैरन

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**51.** By which Act, the appointment of a Secretary of State for India was made?

(A) The Charter Act, 1853

(B) The Government of India Act, 1858

(C) The Indian Councils Act, 1861

(D) The Indian Councils Act, 1909

**52.** Who was a practical constitutional reformer?

(A) Rajendralal Mitra

(B) Surendranath Banerjea

(C) Keshav Chandra Sen

(D) Raja Ram Mohan Roy

**53.** Who abolished the 'Dual System' of the Government of Bengal?

(A) Lord Cornwallis

(B) Warren Hastings

(C) John Shore

(D) Lord Ellenborough

**54.** Who advocated the Ryotwari System for India?

(A) Mountstuart Elphinstone

(B) John Shore

(C) Thomas Munro

(D) John Malcom

**55.** Who was the President of the Indian Education Commission of 1882?

(A) Thomas Raleigh

(B) W. W. Hunter

(C) Macaulay

(D) Sadler

**56.** Who wrote *Neel Darpan*, a very famous drama?

(A) Ram Gopal Ghose

(B) Bankim Chandra Chatterjee

(C) Michael Madhusudan Dutt

(D) Dinabandhu Mitra

**57.** Paramahansa Mandali was founded in Maharashtra in

(A) 1847 AD

(B) 1848 AD

(C) 1849 AD

(D) 1859 AD

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**51.** किस अधिनियम के द्वारा राज्य के सचिव, भारत की नियुक्ति की गई थी?

(A) 1853 का चार्टर अधिनियम

(B) 1858 का भारत सरकार अधिनियम

(C) 1861 का भारतीय काउंसिल अधिनियम

(D) 1909 का भारतीय काउंसिल अधिनियम

**52.** एक वास्तविक संवैधानिक सुधारक कौन था?

(A) राजेन्द्रलाल मित्र

(B) सुरेन्द्रनाथ बैनर्जी

(C) केशव चन्द्र सेन

(D) राजा राममोहन रॉय

**53.** बंगाल की 'द्वैत शासन प्रणाली' को किसने समाप्त किया?

(A) लॉर्ड कॉर्नवालिस

(B) वारेन हेस्टिंग्स

(C) जॉन शोर

(D) लॉर्ड एलेनबरो

**54.** भारत के लिए रैयतवाड़ी व्यवस्था की वकालत किसने की थी?

(A) माउन्टस्टुअर्ट एल्फिंस्टन

(B) जॉन शोर

(C) थॉमस मुनरो

(D) जॉन मैल्कम

**55.** 1882 के भारतीय शिक्षा आयोग का अध्यक्ष कौन था?

(A) थॉमस रेले

(B) डब्ल्यू० डब्ल्यू० हंटर

(C) मैकाले

(D) सैडलर

**56.** एक बहुत ही प्रसिद्ध नाटक, 'नीलदर्पण' को किसने लिखा?

(A) राम गोपाल घोष

(B) बंकिम चन्द्र चटर्जी

(C) माइकल मधुसूदन दत्त

(D) दीनबन्धु मित्र

**57.** परमहंस मंडली महाराष्ट्र में कब स्थापित की गई?

(A) 1847 ई०

(B) 1848 ई०

(C) 1849 ई०

(D) 1859 ई०

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**58.** The Ring-Fence Policy was started in

(A) 1755

(B) 1756

(C) 1757

(D) 1761

**59.** How many universities were there in India in 1947?

(A) 17

(B) 18

(C) 19

(D) 20

**60.** The All India Village Industries Association was organized on the initiative of

(A) Dadabhai Naoroji

(B) Rajendra Prasad

(C) Jawaharlal Nehru

(D) Mahatma Gandhi

**61.** Which Act introduced the principle of open competitive examination for Civil Services?

(A) The Charter Act, 1833

(B) The Charter Act, 1853

(C) The Government of India Act, 1858

(D) The Council of India Act, 1861

**62.** "The Revolt of 1857 was Hindu-Muslim conspiracy against the company's rule." Who wrote it?

(A) Sir John Seeley

(B) T. R. Holmes

(C) James Outram

(D) John Kaye

**63.** A. O. Hume retired from the Indian Civil Services in

(A) 1881 AD

(B) 1882 AD

(C) 1883 AD

(D) 1884 AD

**64.** "'The usurers, moneylenders and legal practitioners' was the creation of new administrative system in India." Who said it?

(A) T. B. Macaulay

(B) Thomas Munro

(C) John Malcom

(D) T. R. Metcalf

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**58.** रिंग-फेंस नीति कब प्रारम्भ की गई थी?

(A) 1755

(B) 1756

(C) 1757

(D) 1761

**59.** 1947 में भारत में कितने विश्वविद्यालय थे?

(A) 17

(B) 18

(C) 19

(D) 20

**60.** अखिल भारत ग्रामीण उद्योग संघ को किसकी पहल पर स्थापित किया गया?

(A) दादाभाई नौरोजी

(B) राजेन्द्र प्रसाद

(C) जवाहरलाल नेहरू

(D) महात्मा गाँधी

**61.** नागरिक सेवाओं के लिए खुली प्रतिस्पर्धा परीक्षा के सिद्धान्त को किस अधिनियम के द्वारा प्रारम्भ किया गया था?

(A) 1833 का चार्टर अधिनियम

(B) 1853 का चार्टर अधिनियम

(C) 1858 का भारत सरकार अधिनियम

(D) 1861 का भारत काउंसिल अधिनियम

**62.** ''1857 की क्रान्ति, कम्पनी के शासन के विरुद्ध हिन्दू-मुसलिम षड्यन्त्र था।'' यह किसने लिखा?

(A) सर जॉन सीले

(B) टी० आर० होम्स

(C) जेम्स ऑटरम

(D) जॉन काये

**63.** भारतीय नागरिक सेवा से ए० ओ० ह्यूम कब सेवानिवृत्त हुए?

(A) 1881 ई०

(B) 1882 ई०

(C) 1883 ई०

(D) 1884 ई०

**64.** ''सूदखोर, साहूकार और कानूनी व्यवसायी को भारत में नई प्रशासनिक व्यवस्था ने स्थापित की थी।'' यह किसने कहा?

(A) टी० बी० मैकाले

(B) थॉमस मुनरो

(C) जॉन मैल्कम

(D) टी० आर० मेटकाफ

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**65.** Which Indian nationalist raised the question of 'drain of wealth' for the first time?

(A) R. C. Dutt

(B) M. G. Ranade

(C) Dadabhai Naoroji

(D) Surendranath Banerjea

**66.** Who described Tilak as the 'father of Indian unrest'?

(A) Disraeli

(B) Minto II

(C) Chelmsford

(D) Valentine Chirol

**67.** 'No taxation without representation' was raised by whom?

(A) W. C. Bonnerjee

(B) Surendranath Banerjea

(C) Dadabhai Naoroji

(D) Gopal Krishna Gokhale

**68.** The reform proposals of Montagu-Chelmsford of 1918 were considered as 'inadequate, unsatisfactory and disappointing' by whom?

(A) Tilak

(B) Gandhi

(C) Annie Besant

(D) Bipin Chandra Pal

**69.** Which one of the following international events had the greatest impact on the freedom struggle?

(A) The French Revolution

(B) The Russian Revolution

(C) The First World War

(D) The Russo-Japanese War, 1905

**70.** The extremists were allowed to re-enter the Congress in 1916 under whose pressure?

(A) World events

(B) Public opinion

(C) Gandhiji

(D) Both world events and public opinion

**71.** Under whose Presidentship, the Congress decided to boycott Simon Commission in 1927?

(A) Jawaharlal Nehru

(B) Maulana Abul Kalam Azad

(C) M. A. Ansari

(D) V. V. Giri

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**65.** 'धन के प्रवाह' के प्रश्न को प्रथम बार किस भारतीय राष्ट्रवादी ने उठाया था?

(A) आर० सी० दत्त

(B) एम० जी० रानाडे

(C) दादाभाई नौरोजी

(D) सुरेन्द्रनाथ बैनर्जी

**66.** किसने तिलक को 'भारतीय अशान्ति का जनक' वर्णित किया?

(A) डिसरेली

(B) मिन्टो द्वितीय

(C) चेम्सफोर्ड

(D) वैलेंटाइन चिरोल

**67.** 'बिना प्रतिनिधित्व के कर नहीं' को किसके द्वारा उठाया गया?

(A) डब्ल्यू० सी० बनर्जी

(B) सुरेन्द्रनाथ बैनर्जी

(C) दादाभाई नौरोजी

(D) गोपाल कृष्ण गोखले

**68.** 1918 के मॉन्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार प्रस्तावों को किसके द्वारा 'अपर्याप्त, असन्तोषजनक एवं निराशाजनक' माना गया?

(A) तिलक

(B) गाँधी

(C) ऐनी बेसेन्ट

(D) बिपिन चंद्र पाल

**69.** किस एक अन्तर्राष्ट्रीय घटना का स्वतन्त्रता संग्राम पर बृहत्तम प्रभाव पड़ा?

(A) फ्रांसीसी क्रान्ति

(B) रूसी क्रान्ति

(C) प्रथम विश्व युद्ध

(D) रूस-जापान युद्ध, 1905

**70.** 1916 में उग्रवादियों की काँग्रेस में वापसी को किसके दबाव से अनुमति मिली?

(A) विश्व की घटनाओं

(B) जनमत

(C) गाँधीजी

(D) विश्व की घटनाओं और जनमत दोनों

**71.** 1927 में काँग्रेस ने साइमन कमीशन के बॉयकॉट को लेकर किसके सभापतित्व के अन्तर्गत निर्णय लिया?

(A) जवाहरलाल नेहरू

(B) मौलाना अबुल कलाम आजाद

(C) एम० ए० अंसारी

(D) वी० वी० गिरी

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**72.** On the basis of Round Table Conference resolutions, what was done by the British Government?

(A) Simon Commission's appointment

(B) Enactment of the Government of India Act, 1935

(C) Withdrawal of the Civil Disobedience Movement

(D) Formation of the Congress Ministry

**73.** The first ICS Examination was held at Allahabad in

(A) 1920

(B) 1921

(C) 1922

(D) 1923

**74.** Which movement's main aim was to carry on humanitarian relief and social work?

(A) Arya Samaj

(B) Servants of India Society

(C) Theosophical Society

(D) Ramakrishna Mission

**75.** The British Government treated India as

(A) equal partner

(B) Dominion State

(C) milching cow

(D) prosperous country

**76.** Nehru's memorable speech 'Tryst with Destiny' was delivered on

(A) 14th August, 1947

(B) 15th August, 1947

(C) 26th January, 1948

(D) 30th January, 1948

**77.** "It was the revival of long-distance trade from 12th century onwards, as a result of the revival of mediterranean trade that broke down the self-sufficient manorial economy of feudal Europe." Who wrote these words about the decline of feudalism in Europe?

(A) Maurice Dobb

(B) Perry Anderson

(C) Henri Pirenne

(D) Marc Bloch

**78.** Geographical discoveries were instrumental in the

(A) growth of trade and commerce

(B) search of colonies

(C) expansion of imperialism

(D) All of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**72.** गोलमेज सम्मेलन के प्रस्तावों के आधार पर ब्रिटिश सरकार द्वारा क्या किया गया?

(A) साइमन कमीशन का चयन

(B) 1935 के भारत सरकार अधिनियम का विधिकरण

(C) सविनय अवज्ञा आन्दोलन की वापसी

(D) काँग्रेसी मन्त्रिमण्डल की स्थापना

**73.** प्रथम भारतीय नागरिक सेवाओं की परीक्षा इलाहाबाद में कब हुई?

(A) 1920

(B) 1921

(C) 1922

(D) 1923

**74.** किस आन्दोलन का मुख्य ध्येय मानवीय राहत और सामाजिक कार्य को जारी रखना था?

(A) आर्य समाज

(B) सर्वेन्ट ऑफ इन्डिया सोसायटी

(C) थियोसॉफिकल सोसायटी

(D) रामकृष्ण मिशन

**75.** ब्रिटिश सरकार ने भारत को समझा एक

(A) समान साझेदार

(B) अधीनस्थ राज्य

(C) दूध देने वाली गाय

(D) सम्पन्न देश

**76.** नेहरू का यादगार भाषण 'भाग्य के साथ पूर्व-निश्चित भेंट' दिया गया

(A) 14 अगस्त, 1947 को

(B) 15 अगस्त, 1947 को

(C) 26 जनवरी, 1948 को

(D) 30 जनवरी, 1948 को

**77.** "12वीं सदी के बाद लम्बी दूरी के व्यापार का पुनरुत्थान था जिसका परिणाम भूमध्यसागरीय व्यापार का पुनरुत्थान निकला जिसने सामन्तिक यूरोप की आत्मनिर्भर कृषक अर्थव्यवस्था को समाप्त किया था।" यूरोप में सामन्तवाद के पतन के बारे में इन शब्दों को किसने लिखा था?

(A) मोरिस डोब

(B) पेरी एन्डर्सन

(C) हेनरी पिरेन

(D) मार्क ब्लोच

**78.** भौगोलिक खोजें सहायक थीं

(A) वाणिज्य और व्यापार के विकास में

(B) उपनिवेशों की खोज में

(C) साम्राज्यवाद के विस्तार में

(D) उपर्युक्त सभी

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**79.** Name the economic theory held in the 16th–18th centuries that a nation's wealth (in the form of bullion) was the key to its prosperity.

(A) Mercantilism

(B) Imperialism

(C) Capitalism

(D) Individualism

**80.** "The roots of the Chartist Movement were partly political and economic." Who said it?

(A) Grant and Temperley

(B) David Thomson

(C) Macaulay

(D) Lewis Namier

**81.** "Revolutions were primarily the protests against the rigidities and shortcomings of the conservative policies adopted since 1815." Who said it?

(A) C. D. Hazen

(B) Walter Phelps Hall

(C) R. R. Palmer

(D) David Thomson

**82.** The American War of Independence was ended with the

(A) Treaty of Paris

(B) Treaty of New York

(C) Treaty of London

(D) Treaty of Rome

**83.** "No Revolution has been as dramatically revolution as the Industrial Revolution, except perhaps the Neolithic Revolution." Who wrote it?

(A) Carlo M. Cipolla

(B) Trevor I. Williams

(C) Charles Wilson

(D) F. H. Hinsley

**84.** "The only man who could juggle with five balls of which at least two were always in air." Who was such personality of Europe?

(A) Metternich

(B) Napoleon Bonaparte

(C) Kaiser William II

(D) Bismarck

**85.** Who was the great advocate of the theory of 'White Man's Burden'?

(A) David Livingstone

(B) J. A. Hobson

(C) Ferdinand de Lesseps

(D) Rudyard Kipling

**86.** Which of the following adopted the 'Open Door Policy' in China?

(A) Britain

(B) Japan

(C) France

(D) America

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**79.** 16वीं–18वीं शताब्दियों के उस आर्थिक सिद्धान्त का नाम बताइए जिसके अनुसार एक राष्ट्र की सम्पत्ति (बुलियन के रूप में) इसकी सम्पन्नता की कुंजी थी।

(A) वाणिज्यवाद

(B) साम्राज्यवाद

(C) पूँजीवाद

(D) व्यक्तिवाद

**80.** ''चार्टिस्ट आन्दोलन के मुख्य आधार कुछ राजनीति और आर्थिक थे।'' यह किसने कहा?

(A) ग्रान्ट और टेम्परले

(B) डेविड थॉमसन

(C) मैकाले

(D) लेविस नैमियर

**81.** ''क्रान्तियाँ मूलतः 1815 से कन्जर्वेटिव नीतियों की कठोरता और त्रुटियों के विरुद्ध विरोध थीं।'' यह किसने कहा?

(A) सी० डी० हैजन

(B) वाल्टर फेल्प्स हॉल

(C) आर० आर० पामर

(D) डेविड थॉमसन

**82.** अमेरिकी स्वतन्त्रता संग्राम किसके साथ समाप्त हुआ?

(A) पेरिस की सन्धि

(B) न्यूयॉर्क की सन्धि

(C) लन्दन की सन्धि

(D) रोम की सन्धि

**83.** ''शायद नवप्रस्तर क्रान्ति को छोड़कर कोई भी क्रान्ति नाटकीय क्रान्ति नहीं है जैसे औद्योगिक क्रान्ति।'' यह किसने लिखा?

(A) कार्लो एम० सिपोला

(B) ट्रेवर आइ० विलियम्स

(C) चार्ल्स विल्सन

(D) एफ० एच० हिंसले

**84.** ''केवल वही व्यक्ति जो पाँच गेंदों के साथ जादूगरी कर सकता था जिनमें से कम-से-कम दो तो हवा में ही रहीं।'' यूरोप का ऐसा व्यक्तित्व कौन था?

(A) मेटरनिक

(B) नेपोलियन बोनापार्ट

(C) केसर विलियम द्वितीय

(D) बिस्मार्क

**85.** 'श्वेत मनुष्य पर भार' के सिद्धान्त का महान् प्रवक्ता कौन था?

(A) डेविड लिविंगस्टोन

(B) जे० ए० हॉबसन

(C) फर्डिनेंड डी लेसप

(D) रूडयार्ड किपलिंग

**86.** चीन में 'मुक्त द्वार नीति' को किसने अपनाया?

(A) ब्रिटेन

(B) जापान

(C) फ्रांस

(D) अमेरिका

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**87.** Which Treaty ended the Sino-Japanese War, 1894–95?

(A) The Treaty of Shimonoseki

(B) The Anglo-Japanese Treaty

(C) The Treaty of Portsmouth

(D) The Washington Conference

**88.** Which country adopted 'the policy of splendid isolation' for its materialistic gains?

(A) France

(B) Germany

(C) Britain

(D) America

**89.** "For the Balkan Wars of 1912 and 1913 were a prelude to the European War of 1914." Who wrote it?

(A) C. D. Hazen

(B) D. M. Ketelbey

(C) David Thomson

(D) A. J. P. Taylor

**90.** Khrushchev denounced the 'individualism' and 'personality cult' of which Russian leader?

(A) Lenin

(B) Stalin

(C) Zinoviev

(D) Gorbachev

**91.** Which Revolution almost brought Tzardom to its knees?

(A) The Russo-Japanese War

(B) The Russian Revolution of 1789

(C) The Russian Revolution of 1905

(D) The Russian Revolution of 1917

**92.** Which American agency refused to join the League of Nations?

(A) The President

(B) The Senate

(C) The House of Representatives

(D) The CIA

**93.** Which party after its formation in Indonesia adopted its main objective of establishing socialism after the independence of the country?

(A) The Nationalist Party

(B) Indies Social Democratic Association

(C) Islamic Alliance

(D) The Communist Party of Indonesia

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**87.** 1894–95 में किस सन्धि के साथ चीन-जापान युद्ध समाप्त हुआ?

(A) शिमोनोसेकी की सन्धि

(B) अंग्रेज-जापान सन्धि

(C) पोर्ट्समाउथ की सन्धि

(D) द वॉशिंगटन कॉन्फरेन्स

**88.** अपने भौतिकवादी हितों के लिए किस देश ने 'भव्य अलगाव की नीति' को अपनाया?

(A) फ्रांस

(B) जर्मनी

(C) ब्रिटेन

(D) अमेरिका

**89.** "1912 और 1913 के बाल्कन युद्ध, 1914 के यूरोपियन युद्ध की एक प्रस्तावना थी।" यह किसने लिखा?

(A) सी० डी० हैजन

(B) डी० एम० केटेलबी

(C) डेविड थॉमसन

(D) ए० जे० पी० टेलर

**90.** ख्रुश्चेव ने किस रूसी नेता के 'व्यक्तिवाद' और 'व्यक्ति पूजा' की आलोचना की थी?

(A) लेनिन

(B) स्टालिन

(C) ज़िनोविएव

(D) गोर्बाचेव

**91.** किस क्रान्ति ने ज़ारशाही को घुटने टेकने के लिए विवश किया?

(A) रूस-जापान युद्ध

(B) 1789 की रूसी क्रान्ति

(C) 1905 की रूसी क्रान्ति

(D) 1917 की रूसी क्रान्ति

**92.** किस अमेरिकी संस्था ने लीग ऑफ नेशन्स में शामिल होने को अस्वीकार कर दिया था?

(A) राष्ट्रपति

(B) सीनेट

(C) प्रतिनिधि सभा

(D) सी० आइ० ए०

**93.** इन्डोनेशिया में किस पार्टी ने गठन के बाद अपने मुख्य ध्येय के रूप में समाजवाद की स्थापना को देश की स्वतन्त्रता के बाद अपनाने की बात की थी?

(A) द नैशनलिस्ट पार्टी

(B) इंडिज़ सोशल डेमोक्रेटिक एसोसिएशन

(C) इस्लामिक एलायंस

(D) द कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इन्डोनेशिया

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**94.** Which organization advocated the restoration of ancient ideals and values so that the people could attract the principles of Confucianism in China?

(A) The Communist Party of China

(B) The Chinese Revolutionary League

(C) The League of Common Alliance

(D) The New Life Movement

**95.** Which organization stood for national independence for separate Arab States as well as for the unity of all Arabs?

(A) The League of Nations

(B) The Arab League

(C) The Arab Revolutionary Party

(D) The Arab Nationalist Party

**96.** The major factor leading to the economic crisis in 1920 was

(A) fundamental maldistribution of purchasing power

(B) the failure of banking system

(C) the failure of crops

(D) increasing unemployment

**97.** The Atlantic Charter's final aim became

(A) a better future for the world

(B) not any territorial changes

(C) to choose the form of government under which they will live

(D) the destruction of the Nazi Tyranny

**98.** "Maternity is the patriotism of women." Who said it?

(A) Adolf Hitler

(B) Benito Mussolini

(C) Hideki Tojo

(D) Hermann Muller

**99.** Which agency gave great importance/priority to the human rights?

(A) The Paris Conference

(B) The League of Nations

(C) The Non-Aligned Movement

(D) The United Nations Organization

**100.** On 22 May, 1939, Hitler and Mussolini signed a Pact known as

(A) the Pact of Steel

(B) the Pact of Gold

(C) the Pact of Silver

(D) the Pact of Friendship

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**94.** किस संगठन ने प्राचीन आदर्शों और मूल्यों की पुनर्स्थापना की वकालत की ताकि चीन में लोग कन्फ्यूशीवाद के सिद्धान्तों के प्रति आकर्षित हो सके?

(A) चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी

(B) चीनी क्रान्तिकारी लीग

(C) द लीग ऑफ कॉमन एलायंस

(D) द न्यू लाइफ मूवमेंट

**95.** कौन-सा संगठन अलग अरब राज्यों के लिए राष्ट्रीय स्वतन्त्रता और समस्त अरबवासियों की एकता के लिए दृढ़ था?

(A) द लीग ऑफ नेशन्स

(B) अरब लीग

(C) अरब क्रान्तिकारी पार्टी

(D) अरब राष्ट्रवादी पार्टी

**96.** 1920 में आर्थिक संकट के लिए मुख्य कारण था

(A) क्रय-शक्ति का मौलिक कुवितरण

(B) बैंकिंग व्यवस्था की असफलता

(C) फसलों की खराबी

(D) बढ़ती हुई बेरोजगारी

**97.** अटलांटिक चार्टर का अन्तिम ध्येय बना

(A) संसार के लिए एक उज्ज्वल भविष्य

(B) कोई भी प्रादेशिक परिवर्तन नहीं

(C) सरकार के रूप-विधान को चुनना जिसके अन्तर्गत वे रह सके

(D) नाज़ी निरंकुशता की समाप्ति

**98.** "स्त्री की देशभक्ति मातृत्व है।" यह किसने कहा?

(A) एडोल्फ हिटलर

(B) बेनिटो मुसोलिनी

(C) हिदेकी तोजो

(D) हरमन मुलर

**99.** किस संगठन ने मानव अधिकारों को बड़ी महत्ता/प्राथमिकता दी?

(A) पेरिस सम्मेलन

(B) द लीग ऑफ नेशन्स

(C) गुट-निरपेक्ष आन्दोलन

(D) संयुक्त राष्ट्र संघ

**100.** 22 मई, 1939 को हिटलर और मुसोलिनी ने एक समझौता किया जो जाना जाता है

(A) द पैक्ट ऑफ स्टील

(B) द पैक्ट ऑफ गोल्ड

(C) द पैक्ट ऑफ सिल्वर

(D) द पैक्ट ऑफ फ्रेंडशीप

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

03/FH/CC/M–2023–15

पुस्तिका शृंखला

**A**

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

# प्रश्न–पुस्तिका

# इतिहास

**समय : 2 घण्टे**

**पूर्णांक : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100** प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ संख्या 30 और 31) सहित पूरे 32 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्नों के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा।
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
7. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको वीक्षक द्वारा अलग से उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-2 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम, अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका शृंखला तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
8. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने **अनुक्रमांक** तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
9. इस पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर—(A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
10. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं—(A), (B), (C) और (D)। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
11. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।

**Note :** English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.



SEAL